डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था

Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी के वृत्तचित्र उत्सव का चौथा दिन

गोपीचंद नारंग एवं गोविंद मिश्र पर दिखाए गए वृत्तचित्र

नई दिल्ली। 14 जून 2018। साहित्य अकादेमी द्वारा विभिन्न भारतीय भाषाओं के महत्त्वपूर्ण लेखकों पर बनाए गए वृत्तचित्रों के उत्सव के चौथे दिन आज सायं 5.00 बजे वरिष्ठ उर्दू आलोचक एवं विद्वान गोपीचंद नारंग पर वृत्तचित्र प्रदर्शित किया गया। वृत्तचित्र का निर्देशन श्री राकेश श्रीवास्तव ने किया था।

दूसरा वृत्तचित्र प्रख्यात कथाकार गोविंद मिश्र पर प्रदर्शित किया गया। इस वृत्तचित्र का निर्देशन श्री महेश नायर ने किया है। इस अवसर पर गोविंद मिश्र स्वयं उपस्थित थे। फिल्म के अंत में उन्होंने उपस्थित दर्शकों के विभिन्न सवालों के जवाब भी दिए। उत्सव के दौरान भारी संख्या में साहित्यकार, लेखक, पत्रकार एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन हिंदी संपादक अनुपम तिवारी ने किया।

कल 15 जून को सायं 5.00 बजे प्रख्यात बाङ्ला लेखिका नबनीता देव सेन और प्रख्यात अंग्रेजी कवि एवं कथाकार केकी एन. दारुवाला पर निर्मित वृत्तचित्र दिखाएँ जाएँगे। श्रोताओं के साथ बातचीत के लिए केकी एन. दारुवाला उपस्थित रहेंगे।

ह./–

(के. श्रीनिवासराव)

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in